24/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना भीषण चक्रवाती तूफान **दाना** आज देर रात ओडिशा में भीतरकनिका और धामरा के बीच समुद्री तट से टकराएगा। मौसम विभाग ने इस क्षेत्र में चक्रवात के टकराने के दौरान सौ से एक सौ बीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान व्यक्त किया है। यह प्रक्रिया कल सुबह तक जारी रहने की संभावना है। इसका क्षेत्र में व्यापक प्रभाव पड़ेगा। भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आने और जाने वाली उड़ानों को आज शाम पांच बजे से कल सुबह नौ बजे तक रद्द कर दिया गया है। सभी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और कई सरकारी संस्थान कल तक बंद कर दिये गये हैं। डॉक्टरों और सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। बडी संख्या में रेलगाडियां भी रद्द की गई हैं। मछुआरों को भी समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गई है।

000000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त और पीछे हटने के भारत-चीन समझौते का समर्थन किया और विभिन्न द्विपक्षीय वार्ता तंत्रों को पुनर्जीवित करने के निर्देश जारी किए। रूस के कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर आयोजित लगभग पचास मिनट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने मतभेदों और विवादों को उचित तरीके से संभालने और उन्हें सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता को भंग न करने देने के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि आपसी विश्वास,

आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता संबंधों का आधार बने रहना चाहिए। रूस के कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली पहुंचे।

0000000000000000000

राज्यपाल के.टी. परनायक ने कुलपतियों से शिक्षा की गुणवत्ता, शासन के पहलुओं, प्रौद्योगिकी के उपयोग और उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा अपनाई जाने वाली सामाजिक जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने बुधवार को ईटानगर के राजभवन में राज्य के पहले कुलपति सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समय की मांग है कि हमारी उच्च शिक्षा को प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ जोड़ा जाए। उन्होंने प्रतिभागियों को राज्य की प्रगति में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने और खोए हुए समय की भरपाई करने के लिए प्रेरित किया।

0000000000000000000000

एक शानदार समारोह में मुख्यमंत्री पेमा खांण्डू ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री (राज्य) कमलेश पासवान और वरिष्ठ सेना अधिकारियों की उपस्थिति में आज सुबह तवांग में बयालीस किलोमीटर लंबे तवांग मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। तवांग मैराथन के इस दूसरे संस्करण में भारत भर से लगभग चार हजार प्रतिभागियों और इथियोपिया और केन्या के एथलीटों ने मैराथन में भाग लिया।

इथियोपिया के Alamu Tadasa Gido ने पुरुष वर्ग में बयालीस किलोमीटर की पूर्ण मैराथन दो घंटे चौवालीस मिनट बीस सेकंड में पूरी करके विजेता बने और इथियोपिया की Genet Shikur Reshid ने बयालीस किलोमीटर मैराथन महिला वर्ग में दौड़ तीन घंटे सत्रह मिनट उन्नीस सेकंड में पूरी करके विजेता बनी। मुख्यमंत्री पेमा खांण्डू ने खेल मंत्री कैंतो जिनी, विधायकों ज़िंगनु नामचूम, त्सेरिंग ल्हामू और त्सेतेन चोम्बे के साथ मैराथन में भाग लिया।

00000000000000000000000

राज्यपाल केटी परनायक ने आज पूर्वोत्तर सीमांत मुख्यालय, ईटानगर में भारत तिब्बत सीमा पुलिस के तिरसठवें स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया। फ्रंटियर परेड ग्राउंड में राज्यपाल को एक सौ चार सदस्यीय गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सैनिक सभा में आईटीबीपी के अधिकारियों और कर्मियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने उन्हें स्थापना दिवस की बधाई दी और अधिकारियों, सभी रैंकों और उनके परिवारों को अपनी शुभकामनाएं दीं।000000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पंद्रहवीं कडी होगी।श्रोता इस कार्यक्रम से संबंधित अपने सुझाव टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 - 1 1 - 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। यह सुझाव पच्चीस अक्तूबर तक भेजे जा सकते हैं।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में नशीली दवाओं से संबंधित मुद्दों पर राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा नामसाई जिला प्रशासन के सहयोग से नामसाई सामुदायिक भवन में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थाओं, युवा संगठनों, स्वयंसेवकों, समुदाय आधारित संगठनों, महिला कल्याण समाज, नामसाई विंग, नामसाई जिले के अंतर्गत आने वाले सभी नशा मुक्ति केंद्र-सह-पुनर्वास के सदस्यों, गैर-सरकारी संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। 0000000000000000000

अंजाव जिला प्रशासन ने श्री श्री ग्रामीण विकास ट्रस्ट के साथ साझेदारी में वालोंग में होमस्टे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। जीवंत गांव कार्यक्रम का हिस्सा यह पहल भारत की सीमाओं पर आर्थिक विकास और सामाजिक एकीकरण को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय निवासियों को होमस्टे स्थापित करने और प्रबंधित करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना था। पर्यटन और आतिथ्य को बढ़ावा देकर, यह पहल वैकल्पिक आजीविका के अवसर प्रदान करने और सीमावर्ती समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने का प्रयास करती है।

0000000000000000000